आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

दिनांक : 15.11.2024 समय : 0705

<><><><><><><>

- उपराज्यपाल एडमिरल डी. के. जोशी ने आज गुरु नानक जयंती' के अवसर पर द्वीपवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी है।
- पूरे देश के साथ द्वीपसमूह में भी राष्ट्रीय नवजात सप्ताह आज से मनाया जाएगा।
- उपराज्यपाल एडमिरल डी. के. जोशी ने झारखंड के स्थापना दिवस के अवसर पर द्वीपों में रहने वाले लोगों को हार्दिक शुभकामनाएं दी है।
- अंडमान निकोबार राज्य सहकारी समिति की ओर से इकहत्तरवें अखिल भारतीय सहकारिता सप्ताह मनाया जा रहा है।
- भारतीय प्राणी सर्वेक्षण द्वारा भारतीय वन सेवा अधिकारियों के लिए चल रहे एक सप्ताह प्रशिक्षण पाठ्यक्रम का आज समापन हो रहा है।

<><><><><><><>

उपराज्यपाल एडमिरल डी. के. जोशी ने गुरु नानक जयंती' के अवसर पर द्वीपवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी है। उन्होंने अपने संदेश में कहा कि यह दिन सिख धर्म के प्रथम गुरु, गुरु नानक देव जी की जयंती पर बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है, जिन्हें 'गुरु पर्व' और 'प्रकाश उत्सव' के नाम से भी जाना जाता है। उनकी दिव्य शिक्षाएं हमें समानता, करुणा और दया के माध्यम से समाज में एकता, भाईचारा और आपसी सद्भाव को मजबूत करने के लिए प्रेरित करती हैं। उनकी शिक्षाओं को अपने जीवन में आत्मसात करके मानवता की निःस्वार्थ सेवा के लिए खुद को समर्पित करने की भावना को बढ़ावा दिया। उन्होंने कामना की है कि यह त्योहार सभी द्वीपवासियों के जीवन में खुशियां लेकर आए और हमारा द्वीप धर्म और विकास के पथ पर आगे बढ़ता रहे। इस अवसर पर आज श्री विजयपुरम में गुरूद्वारा डॉ. दीवान सिंह की ओर से कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। आज सुबह साढ़े आठ बजे भोग अखंड पाठ आरंभ होगा।

साढ़े आठ बजे से दिन में ढ़ाई बजे तक असा–दि–वार, दीवान और कीर्तन के कार्यक्रम होंगे और दिन में बारह बजे से गुरू का लंगर होगा। कैम्पबेल–बे में भी गुरू नानक जयंती के अवसर पर गुरूद्वारा में कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा और गुरू का लंगर भी लगेगा।

<><><><><><><>

पूरे देश के साथ द्वीपसमूह में भी राष्ट्रीय नवजात सप्ताह आज से मनाया जाएगा। इक्कीस नवम्बर तक मनाए जाने वाले सप्ताह का विषय है "नवजात शिशुओं में रोगाणुरोधी प्रतिरोध को रोकने के लिए रोगाणुरोधी उपयोग को अनुकूलित करना"। सप्ताह के दौरान नवजात शिशु को समय पर एंटीबायोटिक देना, माता एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं के कार्यान्वयन को सुनिश्चित करना और समुदाय के साथ उनका संबंध बनाना महत्वपूर्ण है, ताकि नवजात शिशु न केवल जीवित रहें बल्कि स्वस्थ भी रहें। सप्ताह मनाने का उद्देश्य शिशु का जीवन और विकास के लिए नवजात शिशु देखभाल के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। नवजात शिशु देखभाल में रोगाणुरोधी प्रतिरोध के बढ़ते खतरे पर ध्यान केन्द्रित किया जा रहा है और प्रत्येक नवजात शिशु के स्वास्थ्य सुरक्षा में स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं, डॉक्टरों और परिवार की भूमिका पर प्रकाश डाला जाएगा। नवजात शिशु देखभाल इकाइयों द्वारा नवजात शिशुओं की देखभाल करने वालों को घर पर संक्रमण के लक्षण को पहचानने के बारे में जानकारी प्रदान करना चाहिए। राष्ट्रीय नवजात सप्ताह के दौरान आम जनता से ए एन एम और आशा कार्यकर्ताओं को सहयोग देने का अनुरोध किया गया है।

<><><><><><><>

उपराज्यपाल एडमिरल डी. के. जोशी ने झारखंड के स्थापना दिवस के अवसर पर द्वीपों में रहने वाले लोगों को हार्दिक शुभकामनाएं दी है। बिहार के दक्षिणी भाग से अलग किया गया झारखंड समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और उल्लेखनीय प्रगति का प्रतीक है। आज, झारखंड प्रचुर प्राकृतिक संसाधनों, जीवंत आदिवासी परंपराओं और विविध संस्कृतियों की भूमि के रूप में खड़ा है, जो हमारे राष्ट्र के विकास में अमूल्य योगदान दे रहा है। झारखंड के लोगों ने अपनी गर्मजोशी और आतिथ्य के साथ एक ऐसे राज्य का निर्माण किया है जो पारंपरिक संगीत की लय, आदिवासी कलाओं की सुंदरता और अपने समुदाय की ताकत से गूंजता है। झारखंड में जो विकास दिख रहा है, वह नागरिकों के समर्पण, उनकी कड़ी मेहनत और अटूट भावना का प्रतिबिंब है।

इस विशेष अवसर पर, समावेशिता और समान विकास की भावना को बढ़ावा देते हुए झारखंड की समृद्ध सांस्कृतिक विविधता को संरक्षित करने और बढ़ावा देने की अपनी प्रतिबद्धता को नवीनीकृत करें। उन्होंने कहा कि पर्यावरण की रक्षा और सभी के लिए न्याय, समानता और समृद्धि के मूल्यों पर आधारित भविष्य का निर्माण करने के लिए हमें मिलकर काम करना होगा, जिससे 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' की भावना को मूर्त रूप दिया जा सके।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार राज्य सहकारी समिति की ओर से इकहत्तरवें अखिल भारतीय सहकारिता सप्ताह मनाया जा रहा है। इसका उद्घाटन कल श्री विजयपुरम नगरपालिका परिषद अध्यक्ष सुदीप राय शर्मा ने किया। उन्होंने अपने संबोधन में समाज में सुशासन की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने सहकारी समिति और स्वयं सहायता समूह के सदस्यों के लिए नगरपालिका परिषद की ओर से चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी। उन्होंने सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने के लिए सहकारी समिति और स्वयं सहायता समूह के सदस्यों के लिए कौशल विकास प्रशिक्षण आयोजित करने का सुझाव दिया। वार्ड नम्बर–अट्ठारह के पार्षद राजेश पाल गोविन्द ने आर सी एस और राज्य सहकारी समिति जीविकोपार्जन और उनको सामाजिक–आर्थिक रूप से सशक्त करने के लिए स्वरोजगार के अवसर प्रदान करने पर जोर दिया। इस अवसर पर विभिन्न वक्ताओं ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

<><><><><><><>

भारतीय प्राणी सर्वेक्षण द्वारा भारतीय वन सेवा अधिकारियों के लिए ग्यारह से पंद्रह नवंबर के दौरान द्वीप पारिस्थितिकी तंत्र के तटीय और समुद्री जैव विविधता पर भारतीय वन सेवा अधिकारियों के लिए एक सप्ताह के प्रशिक्षण पाठ्यक्रम का आज समापन हो रहा है। इस प्रशिक्षण पाठ्यक्रम में राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों से इक्कीस भारतीय वन अधिकारियों ने भाग लिया। समापन समारोह के अवसर पर भारतीय प्राणी सर्वेक्षण की निदेशक धृति बैनर्जी मुख्य अतिथि होंगी और वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारतीय प्राणी सर्वेक्षण केरल के निदेशक डॉ. सी. रघुनाथन विशेष अतिथि होंगे।

<><><><><><><>

केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण ने कोचिंग संस्थानों द्वारा भ्रामक विज्ञापनों पर रोकथाम के लिए दिशा–निर्देश जारी किए।

इसके अंतर्गत सभी कोचिंग संस्थानों को अपने छात्रों और पाठ्यक्रमों के बारे में प्रासंगिक जानकारी देने को कहा गया है, जिससे उम्मीदवारों और उनके अभिभावकों को गुमराह होने से बचाया जा सके। उपभोक्ता मामलों की सचिव निधि खरे ने विभिन्न कोचिंग संस्थानों के भ्रामक विज्ञापनों की रोकथाम के लिए नई दिल्ली में यह दिशा–निर्देश जारी किए।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान शैक्षिक अंचल के स्कूली विद्यार्थियों के सोलह वर्ष से कम आयु वर्ग के लड़के और लड़कियों के लिए कब्बडी नॉकआउट टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। बॉयस स्कूल मैदान में आज लड़कों के चार क्वार्टर फाइनल और दो सेमीफाइनल मैच खेले गए, जबकि लड़कियों की श्रेणी में दो सेमीफाइनल मैच खेले गए। सोलह नवम्बर को सुबह नौ बजे से लड़कों की श्रेणी में प्रातरापुर और भातुबस्ती स्कूल के बीच, जबकि लड़कियों की श्रेणी में कामराज और वि के वि नगरपालिका रांची टेकरी स्कूल की टीम के बीच फाइनल मैच खेला जाएगा।

<><><><><><><>

समाचार पत्रों की सुर्खियां

केन्द्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह ने स्वराज द्वीप में निवेशक सम्मेलन अण्डमान निकोबार द्वीपसमूह के मत्स्य पालन और जलीय कृषि क्षेत्र में निवेश के अवसर के उद्घाटन के समाचार और अण्डमान तथा निकोबार कमान की ओर से अड़तीसवीं इंडो थाई कॉरपेट के आयोजन के समाचार को द्वीप समाचार ने अपनी बड़ी खबर बनाई है। द्वीपसमूह में बीस नवम्बर तक राष्ट्रीय पुस्तक सप्ताह मनाए जाने के समाचार को द डेली टेलीग्राम्स ने आखिरी पृष्ठ में जगह दी है। मत्स्य पालन के उप–महानिदेशक डॉ. जे. के. जेना के केन्द्रीय द्वीप कृषि अनुसंधान संस्थान, श्री विजयपुरम के दौरे के समाचार को इंफो इंडिया ने अपने पहले पृष्ठ में जगह दी है।

<><><><><><><>